**खबर संक्षेप**

### युवा कांग्रेस ने विश्वविद्यालय में छात्रों की मूलभूत समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन



**बस सुविधा, होस्टल पुनः शुरू करने सहित कई मुद्दों पर कार्रवाई की मांग**

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में छात्रों की बढ़ती समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस नगर इकाई ने कुलपति को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम व छात्र नेता ऋषभ ठाकुर के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में परिवहन, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। संगठन ने कहा कि विश्वविद्यालय में पढने वाले अधिकांश छात्र-छात्राएं आसपास के ग्रामीण अंचलों से आते हैं। बस सुविधा के अभाव में विद्यार्थियों को समय पर कॉलेज पहुँचना मुश्किल हो रहा है। प्राइवेट वाहनों का किराया महंगा होने से छात्रों पर आर्थिक भार भी बढ़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि विश्वविद्यालय प्रशासन तुरंत अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करे, जिससे उपस्थित दर और पठन-पाठन पर सकारात्मक असर पड़े। छात्राओं की सुविधा के लिए परिसर में सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाने की आवश्यकता भी प्रमुख रूप से उठाई गई। संगठन का कहना है कि ऐसी व्यवस्था छात्राओं की स्वच्छता व सुरक्षा के लिए अनिवार्य है और इससे उन्हें अनावश्यक असुविधा से राहत मिलेगी। फाउंडेशन क्लास की तिथियां अभी घोषित न होने को लेकर भी असंतोष जताया गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से ये कक्षाएँ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए विश्वविद्यालय को जल्द से जल्द इन्हें प्रारंभ करना चाहिए। लंबे समय से बंद पड़े छात्रावासों को भी तत्काल चालू करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस ने कहा कि दूर-दराज के विद्यार्थियों को सुरक्षित व सुलभ आवास उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है। इसके अलावा परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, पार्किंग प्रणाली, गार्डन और सार्वजनिक स्थलों के सुधार जैसे मुद्दे भी प्रमुख रूप से उठाए गए। युवा कांग्रेस ने कुलपति से अपेक्षा की है कि छात्रों के हित में इन सभी मांगों पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की जाए।

### अवैध पशु परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार

**वाहन और सात मवेशी जब्त**

**जयसिंहनगर।** पुलिस ने अवैध पशु तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात भैंस के पड़वे तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार बैगा के निर्देशन में की गई। 3 दिसंबर 2025 को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 के 1345 में मवेशियों को क्रूर तरीके से ठूसकर टेटका मोड़ की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी की गई और वाहन को रोककर जांच की गई। जांच में वाहन में बिना चारा-पानी के सात मवेशियों को पीड़ादायक स्थिति में ले जाते पाया गया। चालक ने अपना नाम असीम खान, निवासी ग्राम छवारी, थाना मझौली (जिला सीधी) बताया और स्वीकार किया कि वह यह पशु देवरा क्षेत्र से प्रकाश साहू के कहने पर जैतपुर ले जा रहा था। आरोपी के पास न तो पशु परिवहन की अनुमति थी और न ही कोई वैध दस्तावेज या पशु चिकित्सक का प्रमाणपत्र। पुलिस ने मवेशियों और लगभग छह लाख मूल्य के वाहन को जप्त कर अभिरक्षा में ले लिया।

## ब्योहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो मामलों में फरार चल रहे आरोपी आखिर हत्थे चढ़े

ब्योहारी।



**थाना क्षेत्र में दर्ज लूट और दुष्कर्म के दो गंभीर प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी कर ब्योहारी पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रशिक्षु थाना प्रभारी आईपीएस ऋषभ छारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया है कि चाहे अपराधी कितना भी चालाक क्यों न हो, कानून की पकड़ से बच पाना संभव नहीं है। पूरी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन तथा एसडीओपी ब्योहारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।**

### लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

21 नवंबर 2025 की रात ग्राम तेंदुआढ़ निवासी राजकुमार पटेल जब मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी रेलवे ब्रिज के समीप मौहार क्षेत्र में तीन युवकों—प्रिंस उर्फ पियूष नामदेव, रामयज्ञ सिंह गोंड और सचिन सिंह गोंड—ने उनका पीछा कर 12,000 रुपये लूट लिए थे। इसके बाद आरोपियों ने आगे जा रहे एक अन्य व्यक्ति से भी 4,000 रुपये छीन लिए थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर 22 नवंबर को थाना ब्योहारी में अपराध क्रमांक 791/2025 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। प्रारंभिक जांच के दौरान दो आरोपी प्रिंस नामदेव और रामयज्ञ सिंह को एक दिन बाद ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया था, जबकि तीसरा आरोपी सचिन सिंह घटना के बाद से फरार हो गया था। लगातार तलाश के बाद 4 दिसंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में लूट की रकम भी बरामद की गई और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### दुष्कर्म और लूट के मुख्य आरोपी पर भी कसा शिकंजा

इसी प्रकार 27 अक्टूबर 2025 को मानपुर रोड के कोठिया उफरी जंगल क्षेत्र में पीड़िता अपने मंगेतर के साथ रुकी थी। तभी आरोपी शिब्बू सिंह गोंड अपने साथियों के साथ वहाँ पहुँचा और दोनों को डराकर पकड़ लिया। आरोप है कि शिब्बू सिंह ने पीड़िता को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया, जबकि अन्य आरोपियों ने मंगेतर से 500 रुपये लूट लिए थे। मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी, पर मुख्य आरोपी शिब्बू सिंह लगातार पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। तीव्र खोजबीन के बाद 3 नवंबर 2025 को पुलिस ने उसे भी दबोच लिया और अगले दिन उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

### टीम का उत्कृष्ट समन्वय

दोनों मामलों को सुलझाने में उपनिरीक्षक मोहन पड़वार, एएसआई कामता प्रसाद पयासी, प्रधान आरक्षक नरेंद्र उपाध्याय, अमर सिंह, ज़ावेद अंसारी, गंगासागर गुप्ता और महिला आरक्षक माधुरी साहू की विशेष भूमिका रही। इन कार्रवाइयों ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर पुलिस की मजबूत पकड़ को पुनः स्थापित किया है।

## शहडोल में रेल कोर्ट स्थापना की फाइल फिर फंसी

# दस साल बाद भी नहीं मिला न्याय, जनजातीय बहुल क्षेत्र के लोगों में नाराजग़ी तेज

शहडोल।

जनजातीय बहुल जिले में रेल कोर्ट की स्थापना को लेकर चली आ रही दस वर्ष पुरानी लड़ाई एक बार फिर अधर में पड़ गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजे गए ताज़ा पत्र में अधिवक्ता संदीप कुमार तिवारी ने गंभीर चिंता व्यक्त की है कि शहडोल में प्रस्तावित रेल कोर्ट की फाइल वर्षों से मंत्रालय में लंबित है, जबकि इस संबंध में उच्च न्यायालय जबलपुर और राज्य शासन द्वारा कई बार स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं।



पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2012 से लगातार इस मुद्दे पर न्यायालयों और विभागों के माध्यम से पत्राचार होता रहा है। उच्च न्यायालय जबलपुर का आदेश क्रमांक ए/2870 दिनांक 12 दिसम्बर 2012, म.प्र. शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग का आदेश, तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेल बिलासपुर का पत्र—इन सभी में शहडोल में रेल कोर्ट की आवश्यकता को उचित बताते हुए प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा गया था। इसके अलावा दिनांक 31 मई 2019 को भी इस विषय में उल्लेखनीय सिफारिशें भेजी गई थीं।

अधिवक्ता तिवारी ने कहा कि रेल कोर्ट न होने से आदिवासी बहुल शहडोल जिले के हजारों यात्रियों और रेल मामलों से जुड़े लोगों को बिलासपुर और जबलपुर जैसे दूरस्थ शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम की भारी बर्बादी होती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में शहडोल में रेल कोर्ट की स्थापना के लिए भेजी गई फाइल रेल मंत्रालय पहुंच चुकी थी, लेकिन वहां से अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आया।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश के कई अन्य स्थानों पर रेल कोर्ट पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि शहडोल जैसे महत्वपूर्ण रेल मंडल में आज भी न्यायिक ढांचा अधूरा है। इससे न्यायिक प्रक्रियाएं विलंबित होती हैं और आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अधिवक्ता ने रेल मंत्री से मांग की है कि रेल कोर्ट स्थापना से जुड़ी फाइल का त्वरित अनुमोदन कर शहडोल जिले को न्यायिक सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ शहडोल ने भी इस मुद्दे को हाई कोर्ट और रेल प्रशासन तक पहुंचाया है, लेकिन अब अंतिम निर्णय रेल मंत्रालय को लेना है।

संदीप तिवारी ने कहा कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो यह न्याय की उपलब्धता से जुड़े संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्रालय जनहित को देखते हुए लंबित फाइल को जल्द मंजूरी देगा, ताकि शहडोल व आसपास के जिले रेल कोर्ट का लाभ पा सकें।

# डायल 112 ने दिखाई तत्परता, मौत के मुंह से खींच लाई तीन जिंदगियां

शहडोल।

जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाही में, डायल 112 की त्वरित कार्रवाई ने तीन लोगों को भीषण हमले में मौत के घाट उतरने से बचा लिया। यदि पुलिस कुछ मिनट भी देरी करती, तो एक दामाद की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती, जबकि उसके पिता को ज़िंदा जलाए जाने की तैयारी थी। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि संकट में 112 लगाओ, पुलिस बुलाओ का नारा जीवन रक्षक है। खबर है कि अनिल केवट अपनी पत्नी काजल को ससुराल से वापस लाने शाही गांव पहुंचा था। उनके प्रेम विवाह में तनाव चल रहा था। बातचीत सुलझाने के बजाय, काजल के मायके पक्ष के लोग अनिल और उसके परिवार पर बर्बरतापूर्वक टूट पड़े।









हमलावरों ने पहले दामाद अनिल को बिजली के खंभे से रस्सी से बांध दिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। उधर, अनिल के पिता रामप्रसाद को पूरे गांव में दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। जान बचाने के लिए वह किसी तरह एक घर में घुसकर दरवाज़ा बंद कर छिप गए। दहशतगर्दों ने दरवाज़ा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की और उन्हें पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की तैयारी कर ली थी। इसी बीच अनिल का भाई दिनेश भी हमले में गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर बेहोश पड़ा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल डायल 112 को सूचित किया गया। समय रहते घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने न केवल हमलावरों के चंगुल से तीनों पीड़ितों को सुरक्षित निकाला, बल्कि तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई। इस जघन्य घटना के बाद पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने डायल 112 के कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की है और उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। उन्होंने नागरिकों से यह भी अपील की है कि वे आपातकालीन सेवा 112 का उपयोग सोच-समझकर करें और झूठी सूचना न दें। पुलिस की इस तत्परता ने साबित कर दिया है कि संकट के समय हर पल कितना महत्वपूर्ण होता है।

**इनका कहना है...**

प्रेम विवाह के बाद बढ़े विवाद के चलते दोनों पक्षों में हिंसा हुई है। दोनों ओर से गंभीर चोटें आई और दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है।

**अभिषेक दीवान**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

# गोहपारू जनपद ने किया 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन

**एसआईआर-2026 अभियान में जिला स्तर पर प्रथम स्थान**



शहडोल।

जिले की जनपद पंचायत गोहपारू ने एसआईआर-2026 अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के साथ गोहपारू ब्लॉक जिले में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। यह सफलता मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर कुमार दिनकर की सूझबूझ, कार्य के प्रति स्पष्ट दृष्टि और परिणाम आधारित रणनीति का प्रत्यक्ष प्रमाण मानी जा रही है। उनके निर्देशन में जनपद की पूरी टीम ने निर्धारित समय सीमा में डिजिटल कार्यों को पूर्ण रूप से अपडेट कर अभियान को सफल बनाया।

अभियान में सहायक यंत्री प्रशांत लागरखा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, बीएलओ, सुपरवाइजर, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मोबिलाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और फील्ड स्टाफ ने सतत मैदानी निगरानी व समन्वय कर अहम योगदान दिया। टीम के संयुक्त प्रयासों ने सीमित समय में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने सीईओ गोहपारू और पूरी टीम को बधाई दी है। गोहपारू जनपद पंचायत की यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव का विषय बनने के साथ ही भविष्य के सरकारी अभियानों में बेहतर कार्य संस्कार और टीम भावना का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# शहडोल की दीवारें बदलेंगी शहर की तस्वीर

## विद्यार्थियों की पेंटिंग्स से दिखेगा स्वच्छता व यातायात संदेश

शहडोल



शहर की उपेक्षित, धूल-मिट्टी से ढकी और जगह-जगह उखड़ी दीवारें अब अपनी नई पहचान बनाने वाली हैं। जिला यातायात विभाग ने नगर की छवि संवारने और लोगों को दैनिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश देने के उद्देश्य से एक विशेष वॉल पेंटिंग अभियान शुरू किया है। इस पहल का नेतृत्व यातायात प्रभारी संजय जायसवाल कर रहे हैं। विभाग का मानना है कि यदि जनसंदेश आकर्षक दृश्य रूप में प्रस्तुत किए जाएँ, तो वे सीधे लोगों की नजर और मन—दोनों पर प्रभाव डालते हैं।

अभियान के तहत शहर की प्रमुख दीवारों की सफाई कर उन्हें पेंटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके बाद स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों के विद्यार्थियों की टीमें तय थीम के आधार पर चित्रकारी करेंगी। उनकी पेंटिंग्स में हेलमेट उपयोग, सीट बेल्ट, सडक़ सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों, नगर स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। विभाग का उद्देश्य है कि आमजन को सुंदर कला के माध्यम से जागरूकता इस तरह मिले कि संदेश लंबे समय तक प्रभाव छोड़ें।

इस पहल से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा, साथ ही शहर को स्थायी रूप से उपयोगी व आकर्षक संदेश भी प्राप्त होंगे। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि सडक़ सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी पारंपरिक जागरूकता गतिविधियाँ अक्सर पर्चों और अल्पकालिक आयोजनों तक सीमित रह जाती हैं। ऐसे में दीवारों पर उकेरी गई पेंटिंग न केवल वर्षों तक बनी रहती हैं, बल्कि राहगीरों को प्रतिदिन सुरक्षा और स्वच्छता का स्मरण भी कराती हैं।

नगर में कई स्थानों पर दीवारों की साफ-सफाई का काम शुरू हो चुका है और जल्दी ही शहर रंगीन चित्रों और प्रेरक संदेशों से सजा हुआ नजर आएगा। विभाग को उम्मीद है कि यह पहल शहडोल में सकारात्मक वातावरण बनाने के साथ-साथ सडक़ सुरक्षा पालन की आदत को भी मजबूत करेगी।

**इनका कहना है...**

यातायात के तरफ से यातायात के प्रति जागरूकता लाने के लिए शहर की तंग दीवालों में वॉल पेंटिंग जागरूकता कार्यक्रम किया गया है, जिसमें छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर वॉल पेंटिंग कर लोगो को जागरूक करेंगे।

**संजय जायसवाल**
यातायात प्रभारी,शहडोल

# एबीवीपी ने विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम में अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी**

**शहडोल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कुलगुरु और इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय प्राचार्य को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि सात दिनों के भीतर सुधारात्मक कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

एबीवीपी ने आरोप लगाया है कि स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाएँ 4 से 6 माह पूर्व आयोजित की गई थीं, फिर भी परिणाम जारी करने में अनावश्यक देरी हुई। छात्रों का कहना है कि देरी के बाद भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के अंक '00' या अनुपस्थित दर्ज दिख रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि मूल्यांकन या डेटा अपलोडिंग में गंभीर त्रुटियाँ हुई हैं। उनका आरोप है कि परिणाम जल्दबाजी में जारी किया गया, जिसके कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा उपयोग किए जा रहे बीआर



कंप्यूटर कंपनी के सॉफ्टवेयर में लगातार तकनीकी गड़बडियां आती हैं, जिससे छात्र अपने परिणाम देखने तक में असमर्थ रहते हैं। इसके अलावा रिटोटलिंग एवं रिवैल्यूएशन फीस को अत्यधिक बताते हुए इसे तत्काल कम करने की मांग उठाई गई। एबीवीपी ने विश्वविद्यालय पर यह भी आरोप लगाया कि सीसीई और प्रैक्टिकल अंकों की विलंबित अपलोडिंग को परिणाम देरी का कारण बताते हुए छात्रों को भ्रमित किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि परीक्षा से पहले ही इन अंकों को अपलोड करना अनिवार्य किया जाए, ताकि परिणाम सही समय पर उपलब्ध हो सकें। साथ ही, नामांकन शुल्क और संबद्धता शुल्क में की गई अतिरिक्त वसूली पर आपत्ति जताते हुए इसे तुरंत वापस करने की मांग की गई है। कई महाविद्यालयों द्वारा काउंटर फाइल न भेजने और परीक्षा प्रभारी स्तर पर मनमाने तरीके से अंक भेजने के आरोपों की भी जांच की मांग की गई है। एबीवीपी के अनुसार, यदि विश्वविद्यालय इन मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई नहीं करता है, तो संगठन छात्र हित में आंदोलन तेज करेगा।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
**सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**भारतीय स्टेट बैंक**
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-3, एस.बी.आई. मुख्य शाखा शहडोल के ऊपर, पाण्डव नगर, पुराना राजेन्द्र टाकीज के पास, शहडोल, पिन-484001
Regional Business Office, Region-3, Above Main Branch Shahdol, Pandav Nagar, Near Old Rajendra Talkies, Sahdol-(M.P.) 484001
दूरभाष क्र. /Phone No. 07652-350012, ईमेल/email-rm.rboshahdol@sbi.co.in

**एसबीआई क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, क्षेत्र-3, शहडोल की निम्नलिखित शाखाओं के लिए भूतल पर व्यावसायिक परिसर की आवश्यकता**

| क्र. | शाखा का नाम | क्षेत्र जहां परिसर की आवश्यकता है। | अनुमानित कारपेट क्षेत्रफल (Sq.Ft.) |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्यौहारी मुख्य शाखा, जिला शहडोल | वर्तमान शाखा से 500 मी. से 1 किमी. के अंदर | 3000-4000 |

(1) भवन में बिजली, पानी की सुविधा 24 घंटे होनी चाहिए। (2) भवन व्यवसायिक स्थल पर अच्छी लोकेशन पर स्थित हो, भूतल पर एवं मुख्य मार्ग पर स्थित भवन को प्राथमिकता। (3) भवन के अधिकार से संबंधित स्वत्व विलेख (टायटल डीड) क्लीयर हो। (4) भवन को प्रारम्भ में कम से कम 10 वर्षों हेतु किराये पर देने तत्पश्चात प्रत्येक 5 वर्षों के लिए नवीनीकरण हेतु सहमति। (5) भवन में विद्युत का 30-70 KW लोड (आवश्यकता अनुसार) 3 फेस कनेक्शन, भवन स्वामी को स्वयं के व्यय पर उपलब्ध कराना होगा। (6) भवन के व्यवसायिक कार्य हेतु किराये पर देने की सभी वैधानिक / शासकीय अनुमति प्राप्त होनी चाहिए। (7) भवन/परिसर में बैंक की आवश्यकता अनुसार एवं मापदंडों द्वारा (सिविल/विद्युत) निर्माण / सुधार कार्य करवाने होंगे। (8) भवन के साथ समुचित पार्किंग (कवर्ड/ओपन) होना आवश्यक है। (9) उक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखकर निविदा पत्र (तकनीकी एवं मूल्य बोली) बैंक वेबसाइट www.sbi.co.in की लिंक "procurement news" से डाउनलोड कर उन्हें दो अलग-अलग लिफाफे में रखकर, दोनों लिफाफों को सीलबन्द एक बड़े लिफाफे में रखकर दिनांक 05/12/2025 से 19/12/2025 दोपहर 3.00 बजे तक एस.बी.आई. क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-3, एस.बी.आई. मुख्य शाखा शहडोल के ऊपर, पाण्डव नगर पुराना राजेन्द्र टाकीज के पास, शहडोल (म.प्र.) पिन-484001 में जमा कर सकते हैं। प्रस्ताव के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से संबंधित शाखा भवन हेतु प्रस्ताव एवं जमा करने वाले का नाम, पता, मोबाइल नम्बर लिखा होना चाहिए।
नोट- बैंक को सभी या किसी भी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
क्षेत्रीय प्रबंधक, RBO-III शहडोल

## युवा कांग्रेस की पहल रंग लाई, विश्वविद्यालय ने बसों की संख्या बढ़ाई

**शहडोल।** परिवहन सुविधा बढ़ाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस की ओर से कुलपति को सौंपे गए ज्ञापन का प्रभाव विश्वविद्यालय प्रशासन पर तुरंत पड़ा है। मांगों पर गंभीरता दिखाते हुए विश्वविद्यालय ने छात्र बसों की संख्या पाँच से बढ़ाकर छह कर दी है। यह कार्रवाई युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के निर्देशन और नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम के नेतृत्व में किए गए छात्र आंदोलन के बाद हुई।

छात्रों की समस्याओं पर विचार करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने न केवल बसों की संख्या में वृद्धि की, बल्कि परिसर में सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन लगाने का निर्णय भी तुरंत लागू किया। इसके साथ ही ज्ञापन में उठाए गए अन्य बिंदुओं पर भी आवश्यक सुधार करने के निर्देश कुलपति द्वारा जारी किए गए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में छात्र नेता ऋषभ ठाकुर, राज मिश्रा, कृष्णा यादव, अनिरुद्ध उपाध्याय, आदर्श द्विवेदी, आदित्य सिंह, रवि गुप्ता, सैफ खान, प्रिंस साहू, अजित यादव, धनराज पटेल, हेमंत जोगी, कृष्णा गुप्ता, मोहम्मद अयन खान, अविनाश कोल, ओम मेहरा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। छात्रों ने बस सुविधा में सुधार और अन्य मांगों पर शीघ्र कार्रवाई के लिए युवा कांग्रेस नेतृत्व तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हेतु लक्ष्य निर्धारित

**उमरिया।** संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस वर्ष 2024-25 के उपलक्ष्य में तीन लाख बारह हजार दो सौ मात्र का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके लक्ष्य की पूर्ति करने हेतु जिला के सर्व संबंधित विभागों को निर्धारित राशि अमलगमेटेड एक्ससर्विसमेन बेनोवलेण्ट फंड शहडोल म0प्र0 के नाम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय शहडोल म0प्र0 अथवा स्टेट बैंक आफ इण्डिया शाखा शहडोल में जमा कराये जाने हेतु जिला उमरिया के कार्यालयों/विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है। जो राशि जमा की जावेगी, वह युद्ध के शहीदों, विधवाओं एवं भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए है, जिस हेतु 30 नवंबर 2025 तक एकाउंट में राशि जमा कराये जाने हेतु नियत है। उन्होने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि में दान की हुई राशि पूर्णतः आयकर अधिनियम 1961 की धारा अंतगत आयकर से मुक्त होगी। इसके अलावा उक्त दान कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से अधिक दान दे सकता है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि में व्यक्तिगत रूप/संस्था से राशि रु रूपये एक लाख या उससे अधिक दान देने वाले दानदाताओं/संस्थाओं को माननीय राज्यपाल मध्यप्रदेश द्वारा उन्हें राजभवन भोपाल में ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सैनिक कल्याण कार्यालय शहडोल मो नं-8601337696 पर संपर्क कर सकते हैं।

### नवोदय विद्यालय में भूत पूर्व छात्र सम्मेलन 7 को

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में 7 दिसंबर को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के पुराने छात्रों को पुनः एक मंच पर लाना और वर्तमान छात्रों के साथ उनके अनुभव साझा करना है। विद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस समारोह में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 बजे दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ होगी। कार्यक्रम में संवाद सत्र के माध्यम से विभिन्न सेवा क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्र-छात्राएं वर्तमान विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही पूर्व छात्र अपनी सफलता की कहानियां और संघर्ष वर्तमान छात्रों के साथ साझा करेंगे। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### दो दिन में 761.20 क्विंटल धान उपार्जित

**कटनी।** जिले में बीते सोमवार से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में 6 किसानों ने 761.20 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किया। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि उपार्जन केन्द्र झिन्ना पिपरिया में 1 किसान ने 93.60 क्विंटल और डांग खरीदी केन्द्र में 1 किसान ने 72 क्विंटल धान तथा उपार्जन केन्द्र विलायतकला-1 में दो किसानों ने 208.80 क्विंटल और विलायतकला-2 में 2 किसानों ने 386.80 क्विंटल धान की बिक्री की है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य रूपये 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सांय 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी।

### आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान करने हेतु सर्वेक्षण दल गठित

**कटनी।** नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति को अधिनियम 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे पट्टाधृति अधिकार दिये जाने हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत सर्वेक्षण कार्य हेतु सर्वेक्षण दल का गठन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी द्वारा इस संबंध में जारी आदेशानुसार सर्वेक्षण दल हेतु गठित दल के प्रभारी एवं दल सहायक के साथ निगम के राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को नियुक्त किया जाकर वार्डवार ड्यूटी लगाई गई है।



# कबीर पंथियों ने कबीर गुफा में की पूर्जा अर्चना

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे अधिकारी कर्मचारी

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में प्रतिवर्ष अगहन पूर्णिमा पर कबीर मेला इस वर्ष भी श्रद्धा, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कबीर पंथियों ने बांधवगढ़ ताला स्थित कबीर गुफा में पहुंचकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। श्रध्दालुओ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी, वन विभाग टीम की ड्युटी लगाई गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हो सके। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी भी श्रध्दालुओ के सुरक्षा व्यवस्था भी पल पल खबर लेते रहे। इसके साथ ही हाथियो को भी श्रध्दालुओ की सुरक्षा में तैनात किया गया था। निर्धारित समय तक श्रध्दालुओ को प्रवेश दिया गया तथा निर्धारित समय के पश्चात श्रध्दालुओ पार्क के बाहर आ गये।



# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र ददरौड़ी का किया निरीक्षण

**उमरिय।** शासन के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी का कार्य 1 दिसम्बर से 36 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर विकास खंड के ग्राम ददरौड़ी में किये जा रहे धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया, एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया कि 1 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक कुल 1300 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने कहा कि जो किसान खरीदी केंद्र तक धान लेकर आ रहे है,उनसे खरीदी का कार्य किया जाए। किसानों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। किसानो को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नही करना पड़े।

### 3 पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों को शोकाज नोटिस

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा निरंतर समीक्षा एवं निर्देश दिए जाने के फलस्वरुप जनपद पंचायत रीठी के सीईओ राजेश नरेंद्र सिंह ने गत दिवस सेक्टर बड़ागांव पहुंचकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
श्री सिंह ने ग्राम पंचायत वार एक बगिया मां के नाम, श्रमिक नियोजन में वृद्धि, निर्माण एवं विकास कार्यों के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पूर्णता, समग्र एवं मनरेगा जॉब कार्ड धारियों की शत प्रतिशत ई केवाईसी एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण के संबंध में विस्तार से समीक्षा की एवं नियत समय में प्रगति लाने के निर्देश सेक्टर सुपरवाइजर, ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को दिए।

# पुलिस ग्राउंड, कृष्णाताल तथा स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**उमरिया।** जिला मुख्यालय उमरिया स्टेडियम सहित कृष्णताल उमरिया, पीटीएस ग्राउंण्ड तथा चंदिया खेल मैदान में 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गतदिवस पुलिस ग्राउण्ड उमरिया में पहला मैच केरला एवं आई पी एस सी के मध्य खेला गया जिसमें केरला विजयी रही। दूसरा मैच गुजरात एवं बिहार के मध्य खेला गया जिसमें बिहार विजयी रही। तीसरा मैच तेलांगना एवं लक्ष्यदीप के मध्य खेला गया जिसमें तेलांगना विजयी रही। चौथा मैच पंजाब एवं बिहार के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब की टीम विजयी रही।
इसी तरह स्टेडियम उमरिया में पहला मैच जम्मूकशमीर एवं चंडीगढ के मध्य खेला गया जिसमें चंडीगढ विजयी रही। दूसरा मैच मणिपुर एवं यूपी के मध्य खेला गया। तीसरा मैच तामिलनाडू एवं कर्नाटक के मध्य खेला गया जिसमें तामिलनाडू की टीम विजयी रही। कृशण ताल ग्राउण्ड में पहला मैच असम एवं दिल्ली के मध्य खेला गया जिसमें असम की टीम विजयी रही। दूसरा मैच विद्याभारती एवं सीबीएससी के मध्य खेला गया जिसमें सीबीएससी की टीम विजयी रही। तीसरा मैच केरला एवं एमएएच के मध्य खेला गया जिसमे केरला की टीम विजयी रही। चौथा मैच आर ए जे एवं मणिपुर के मध्य खेला गया जिसमें मणिपुर की टीम विजयी रही। विदित हो कि मैच स्थल पर मेडिकल टीम भी उपलब्ध है, जो आवश्यकता करने पर खिलाडिय़ो को इलाज करती है।

### शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के विशेष प्रयास

**कटनी।** निगम प्रशासन की स्वच्छता टीमों द्वारा प्रतिदिन दो शिफ्ट में मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्र, आवासीय कॉलोनियों तथा सार्वजनिक स्थलों में नियमित सफाई, कचरा संकलन एवं परिवहन का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास जारी है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जाकर सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृण बनाने के निर्देश दिए जा रहे है। सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु कचरा वाहनों की समयबद्ध रूटिंग, डोर टू डोर कचरे का संग्रहण और नालियों की नियमित सफाई की जाकर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रभावी प्रयास किये जा रहे है।



# विश्व दिव्यांग दिवस पर छात्र संवाद

**अनूपपुर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, जमुना कॉलरी में कोशिश सेवा समिति कोतमा कॉलरी ने छात्र-छात्राओं के बीच संवाद आयोजित किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के साथ सही आचरण, व्यवहार अपनाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के तरीकों पर चर्चा हुई। इस संवाद से छात्रों में दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ईश्वर चंद्र शर्मा ने छात्रों को दिव्यांगजनों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं दिव्यांग कल्याण अभिभावक संघ जिला अनूपपुर अध्यक्ष राजेश सिंह ने जोर देकर कहा कि दिव्यांगों की मदद जीवन का सबसे बड़ा परोपकार है, जिसे समाज को सदैव करना चाहिए। कोशिश सेवा समिति के सचिव जितेंद्र रजक ने कहा कि दिव्यांग दया का पात्र नहीं बल्कि अवसर प्राप्त करने का अधिकारी है दिव्यांग जनों से भेदभावपूर्ण व्यवहार ना करते हुए सकारात्मक व्यवहार जरूरी है उन्होंने बताया कि समिति द्वारा संचालित मानसिक एवं दिव्यांग विकास केंद्र में भी आज दिव्यांग बच्चों की चित्रकला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया है स तथा पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन जायसवाल ने भी छात्रों को दिव्यांगों के सम्मान और सहयोग पर मार्गदर्शन दिया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा छात्र-छात्राओं द्वारा संवाद में अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन ने समाज में दिव्यांगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्त समाज हेतु सभी को शपथ दिलाई गई स कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक महेंद्र चौधरी द्वारा किया गया।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के के पांडेय ने बताया कि दुग्ध उत्पादन दो गुना करने हेतु दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण के क्रियान्वयन हेतु 5 से 9 गाय एवं भैंस पालन करने वाले परिवारों से संपर्क स्थापित कर पशुओं में नस्ल सुधार (कृत्रिम गर्भाधान) पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य के



संबंध में जागरूक किये जाने हेतु करकेली व पाली तथा मानपुर प्रशिक्षणार्थियों को जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर डॉ. अविनाश सिंह डॉ. इन्द्रजीत सिंह डॉ. विपिन चन्द्र आदर्श डॉ. जी.एस.पेन्ड्रो द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें जिले के उप संचालक डॉ. के.के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# 26 हजार की शराब जब्त 3 प्रकरण किये पंजीबद्ध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण,संग्रहण ,विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाए जाने कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही सतत जारी है। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में बीते मंगलवार की देर शाम वृत्त क्रमांक 1 के अंतर्गत झर्रा टिकुरिया, भट्टा मोहल्ला, बंगला लाइन एवं कैम्प में दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही में 215 पाव देशी मदिरा एवं 25 पाव विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की बरामद कर जब्त की गई। कार्यवाही में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 26 हजार रुपए है। कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके के मार्गदर्शन में लगातार सभी वृत प्रभारियों के नेतृत्व में टीमों द्वारा सघन जांच की जा रही है और आगे भी ऐसी कार्यवाही जारी रहेंगी।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े, आबकारी वृत कटनी क्रमांक 1 प्रभारी,आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके, वृत क्रमांक 2 प्रभारी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी एसआई आंचल प्रजापति सहित अन्य आबकारी स्टाफ का योगदान रहा।

# अब संजीवनी क्लीनिक में बैठेंगे डॉक्टर

## स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

**हरिभूमि न्यूज़, राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्रवासियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। लंबे समय से नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के निवासियों द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग की जा रही थी, विशेषकर ऐसे समय में जब छोटी-बड़ी बीमारियों के उपचार के लिए उन्हें राजनगर या अन्य क्षेत्रों का रुख करना पड़ता था। लेकिन अब इस समस्या का समाधान मिल चुका है। नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह के निरंतर प्रयास और प्रशासनिक सहयोग के बाद संजीवनी क्लीनिक में चिकित्सकों की नियमित तैनाती को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में 28 नवंबर को आधिकारिक आदेश जारी होने के बाद अब प्रतिदिन निर्धारित समय पर डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। स्थानीय जनमानस के लिए यह खबर राहत भरी है, क्योंकि अब उन्हें बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। संजीवनी क्लिनिक में डॉक्टरों की नियमित मौजूदगी न केवल प्राथमिक उपचार को आसान बनाएगी, बल्कि यह आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में भी सहायक होगी। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को अब घर के पास ही चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी, जिससे उनके लिए इलाज आसान और सुलभ होगा।



### मिलने वाले संभावित फायदे

नागरिकों के अनुसार क्लिनिक खुलने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के साथ-साथ कई सामाजिक व आर्थिक लाभ भी होंगे। अभी तक छोटी बीमारियों जैसे बुखार, सर्दी-खांसी, रक्तचाप, मधुमेह जांच सहित प्राथमिक उपचार के लिए मरीजों को शहरों की ओर जाना पड़ता था। इससे उनके समय और पैसों की हानि होती थी। लेकिन अब यह बोझ काफी हद तक कम होगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच, टीकाकरण कार्यक्रम, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और बुजुर्गों की नियमित स्वास्थ्य निगरानी अब स्थानीय स्तर पर हो सकेगी आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तुरंत प्राथमिक उपचार मिलने से गंभीर परिस्थितियों में जान बचाने की संभावना बढ़ेगी। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा।

### जनता का हित सर्वोपरि

नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने बताया कि राजनगर में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता रही है, और यह कदम उसी दिशा में एक मजबूत शुरुआत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्लिनिक में और भी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। दवाओं की उपलब्धता, लैब जांच और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाने की योजना भी तैयार की जा रही है। उनका कहना है कि लक्ष्य यह है कि "कोई भी मरीज उपचार से वंचित न रहे और राजनगर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके।

### व्यक्त किया आभार

क्लीनिक में डॉक्टर बैठने की स्वीकृति के बाद स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह और प्रशासन के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम जनहित में ऐतिहासिक साबित होगा। जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पहल को बेहद उपयोगी और प्रशंसनीय बताया है। इस निर्णय से राजनगर की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह एक सकारात्मक परिवर्तन के रूप में दर्ज किया जाएगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

# संपूर्ण सृष्टि की चेतना और ज्ञान का मूल आधार है भागवत गीता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

भगवान हमसे दूर नहीं है लेकिन भगवान इतने समीप भी नहीं है जब हमारा मन निर्मल होता है तब भगवान प्राप्त होते हैं। मानव जानवरों से श्रेष्ठ केवल एक कारण से है वह है मानव शरीर को मोक्ष पाने का साधन प्राप्त है मानव के पास अपने कर्म को सुधार करके सदमार्ग प्राप्त करने का साधन है जो अपने धर्म को नियमित पालन कर ले उससे श्रेष्ठ कोई नहीं है

उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभ भावना हाल में राजयोग केन्द्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में गीता जयंती पर श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ द्वारा पुनः सनातन संस्कृति की स्थापना विषय पर आयोजित कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पंडित नीलेश महाराज ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रीति सेन पुष्पेंद्र महाराज रामदयाल गुप्ता विपिन पांडे मनोहर दुबे डॉक्टर शशिभूषण डॉ विकास पाठक पं मनोज कुमार त्रिपाठी के द्वारा दीप प्रज्वलन और नन्ही बालिका खुशी के स्वागत नृत्य से हुआ। सेंटर की बहनो ने सभी अतिथियो को तिलक कर ईश्वरीय सौगात भेंट की

निलेश महाराज ने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत गीता एक अद्भुत अनुपम और पवित्र ग्रंथ है इसके अध्ययन से मनुष्य के जीवन की सभी जिज्ञासाओं और प्रश्नों का समाधान मिल जाता है गीता का ज्ञान ही संपूर्ण सृष्टि की चेतना और ज्ञान का मूल आधार है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीके भारती बहन ने गीता ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता ही एकमात्र ऐसा शास्त्र है जिसमें भगवानुवाच्य शब्द का प्रयोग हुआ है अर्थात यह स्वयं परमात्मा द्वारा दिया हुआ सच्चा ज्ञान है

## खबर संक्षेप

### उद्यमिता जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन

**कटनी।** छात्राओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता की भावना जागृत करने हेतु शासकीय कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमेप) एवं एमएसएमई भारत सरकार के अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी नागेंद्र यादव के संयोजन में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग नौकरी करने वालों का नहीं, बल्कि नौकरी देने वालों का है। एक सफल उद्यमी बनकर हम न केवल स्वयं को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकते हैं, बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एवं समन्वयक श्री शकील अहमद चौधरी ने छात्राओं को व्यवसाय, सेवा क्षेत्र एवं उद्योग स्थापना की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

### शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के विशेष प्रयास

**कटनी।** निगम प्रशासन की स्वच्छता टीमों द्वारा प्रतिदिन दो शिफ्ट में मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्र, आवासीय कॉलोनियों तथा सार्वजनिक स्थलों में नियमित सफाई, कचरा संकलन एवं परिवहन का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास जारी है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जाकर सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृण बनाने के निर्देश दिए जा रहे है।

# नपा प्रदूषण विभाग के संयुक्त दबिश में अमानक स्तर के पोलीथीन जप्त कर 10 हजार का जूर्माना





**बुढ़ार। गुरुवार को नगर में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अमानक स्तर के पोलीथीन का उपयोग करते 10 दुकानदारों के यहां मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विभाग एवं नगरीय प्रशासन टीम ने दविश देकर डिस्पोजल एवं पन्नियों को जप्त कर चालानी कार्रवाई कर 10 हजार वसूले।**

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नवनियुक्त क्षेत्राधिकारी डाक्टर अशोक तिवारी की टीम एवं नगर पालिका अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव की संयुक्त टीम ने बुढार नगर के व्यावसायिक अरुण पाल,एक हजार,पंकज चौधरी 2 हजार ,,लखन पंजवानी, 1 हजार,सुरेश कुमार नेचलानी,3 हजार ,राजेश कचदानी,2 हजार,अजय लालवानी 1 हजार कुल 10 हजार का जूर्माना कर लगभग 1 क्वारल डिस्पोजल जप्त कर नष्ट किया गया।इस चालानी कार्रवाई में अशोक शर्मा, विश्व नाथ वर्मा , ललिता मरावी , शालिनी जायसवाल,कामता वैगा, नगर परिषद आमले में सविता वैगा, राजस्व निरीक्षक अजय कोल, सहायक राजस्व निरीक्षक अभय शुक्ला, योजना प्रभारी अनिकेश मिश्रा,फायर मैन जीवन सिंह,संतोष चूटहेल,सुनील टार्जन, एवं सफाई कर्मचारियों के द्वारा पोलीथीन, डिस्पोजल को जप्त कर नष्टी करण किया।

# "देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें"

**धनपुरी। "देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें"। राष्ट्रभावना से ओतप्रोत इसी संदेश को सार्थक करते हुए धनपुरी निवासी युवा शिव पासी भारतीय सेना के अग्नि वीर (AOC) के रूप में चयनित होकर जम्मू–कश्मीर में पदस्थ हुए हैं। क्षेत्र में ख़ुशी और गर्व का माहौल है। उनके प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत समारोह की तैयारी जोरों पर है।**



शिव पासी, श्री रमेश पासी के पुत्र एवं श्री रामखेलावन पासी के पौत्र हैं। सेना में चयन की जानकारी मिलते ही वार्ड नं. 01 में बधाइयों का तांता लग गया। युवा शिव की सफलता मेहनत, लगन और देशसेवा के जज़्बे का परिणाम मानी जा रही है। क्षेत्र के युवा भी इससे प्रेरित होकर सैन्य सेवा की ओर अग्रसर होने का संकल्प जता रहे हैं। स्वागत कार्यक्रम का विवरण 05 दिसंबर 2025, शुक्रवार,समयः प्रातः 11:00 बजे, स्थानः आज़ाद चौक, धनपुरीकार्यक्रम के स्वागताकांक्षी रामखेलावन पासी, वार्ड नं. 01 धनपुरी, ने सभी नगरवासियों, परिचितों, परिजनों एवं समाजसेवियों से आग्रह किया है कि वे समय पर उपस्थित होकर नव–अग्नि वीर शिव पासी को आशीर्वाद प्रदान करें और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले इस युवा का मनोबल बढ़ाएँ।

## सत्यनारायण गुप्ता का निधन, अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए



**धनपुरी।** वार्ड नंबर 20 आज़ाद चौक निवासी स्वर्गीय सोहनलाल गुप्ता के द्वितीय पुत्र सत्यनारायण गुप्ता उर्फ सत्तू (57 वर्ष) का निधन हो जाने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। गुरुवार 4 दिसंबर को जनसमुदाय उनके निवास स्थान पर शोक संवेदना व्यक्त करने उमड़ पड़ा। सुबह 10 बजे निकली शवयात्रा गुरुवार सुबह 10 बजे उनकी शवयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शवयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व नगर पालिका अधिकारी रवि करण त्रिपाठी, जवाहर जैसवानी, संजू चंदवानी, सुभाष गुप्ता, बृजवासी अग्रवाल, अजय जायसवाल, आनंद कचेर, सदन लाल कपूर, राकेश अग्रवाल, मनोहर रुचंदानी, वीरेंद्र पांडे, शिव जायसवाल, सुजीत जैन, सुजीत जायसवाल, पत्रकार राजू अग्रवाल, लक्ष्मण सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अंतिम यात्रा में लोगों ने नम आँखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। नगर के कई सामाजिक संगठनों ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# वर्षों का सपना 'साकार': सपटा ग्राम के 'शिवालाय मंदिर' तक भव्य पहुँच मार्ग स्वीकृत

**ब्यौहारी।** शहडोल जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल पपौंध में आज भक्ति और विकास का उत्साह चरम पर है।



क्षेत्र के लाखों श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी और सबसे बड़ी आस्था से जुड़ी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। ग्राम सपटा पुरानी बस्ती के रंगमंच से पावन शिवालाय मंदिर तक के भव्य पहुँच मार्ग के निर्माण को विधिवत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।माननीय विधायक श्री शरद कोल जी के अथक प्रयासों से स्वीकृत यह पुनीत मार्ग न केवल मंदिर तक आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि देवालय तक पहुँचने वाले हर भक्त की यात्रा को सहज, मंगलमय और आनंददायी बना देगा।पर्यटन को मिलेगा 'बढ़ावा', खुलेगा विकास का द्वारइस मार्ग की स्वीकृति से पपौंध क्षेत्र के पर्यटन मानचित्र पर एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ेगा। यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध विरासत से परिपूर्ण है, जो धार्मिक एवं वन्यजीव पर्यटन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस स्थान की महत्ता इसलिए भी अधिक है क्योंकि इसके निकट हीःबाणसागर बाँध (डैम) का विशाल जल-भंडार और पवित्र सोन नदी का प्रवाह है।मध्य प्रदेश पर्यटन का प्रसिद्ध सरशी आइलैंड स्थित है। विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान भी ठीक नजदीक है, जो वन्यजीव प्रेमियों का आकर्षण केंद्र है। मैहर माता जी का धाम और अमरकंटक (नर्मदा नदी का उद्गम स्थल) जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल सुविधाजनक दूरी पर हैं।पहुँच मार्ग बनने से यहाँ पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही में भारी वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय रोजगार सृजन होगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह मार्ग धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक, वन्यजीव और ऐतिहासिक-धार्मिक पर्यटन के लिए भी द्वार खोलेगा। विधायक शरद कोल के 'ऐतिहासिक' प्रयास से इस जनहितैषी कार्य का संपूर्ण श्रेय ब्यौहारी के क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता विमलेश मिश्रा को जाता है लगातार हो रही विकास कार्य से विधानसभा का पश्चिमी क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है ।

# दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र कटनी में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में दिव्यांग बच्चों की सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं में खेलकूद के अंतर्गत क्रिकेट, कंचा-चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर और बोची-बॉल का आयोजन हुआ, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चित्रकला, रंगोली, सामूहिक एवं एकल नृत्य, एकल एवं सामूहिक गायन तथा मेहंदी प्रतियोगिता शामिल रही।इस कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्डों के लगभग 200 दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ-साथ अविभावको व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष आकर्षण के रूप में सक्षम छात्रावास कटनी के दिव्यांग छात्रों ने लाठी प्रदर्शन प्रस्तुत किया। टीम गेम में क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला शिक्षा केंद्र कटनी की टीम विजेता तथा सक्षम छात्रावास की टीम उपविजेता रही, जबकि बोची-बॉल प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता दोनों ही सक्षम छात्रावास की टीम रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने की। कार्यक्रम का उदघाटन जिला न्यायालय मजिस्ट्रेट कटनी सुमित शर्मा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों को पदक एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल त्रिपाठी (एपीसी-आई ई डी) एवं साईटसेवर्स इंडिया के जिला प्रमुख भरत पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, केलड्रीज इंडिया रेफ्रेक्ट्रीस कटनी से प्लांट हेड प्रियवित्ता विस्वाश, रोशनी मैडम एवं ग्लेडिस मैडम, अखिलेश द्विवेदी, अनिल यादव, आशीष गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, अजय मिश्रा, मार्तंड सिंह राजपूत, उमाशंकर सैनी तथा बीआरसी कटनी मनोज गौतम ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

*तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ प्रतियोगिता का आयोजन*

# संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जबलपुर की टीम ने हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर डॉ. पंजाब राव चंदेलकर रहे। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या सिंह परिहार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई द्वारा की गई। कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, कटनी डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ. पारस जैन, सहित



अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। संचालन डॉ. माधुरी गर्ग ने सुस्पष्ट एवं प्रभावी रूप से किया।

मुख्य अतिथि डॉ. चंदेलकर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि "खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, तेज निर्णय क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। जीत-हार से ऊपर उठकर खेलना ही सच्ची खेल भावना है।"

विशेष अतिथि सुश्री तपस्या सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि "ऐसे खेल आयोजन युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक दिशा देते हैं। टीमवर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास खेलों से ही होता है। नगर निगम सदैव युवाओं के ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा।"

इसी पकार प्राचार्य डॉ. वाजपेई ने कहा कि "तिलक महाविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के प्रति सदैव समर्पित रहा है। विभिन्न जिलों से आई टीमों की उपस्थिति हमारे लिए गौरव की बात है और यह आयोजन छात्रों में अनुशासन, सौहार्द्र और प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देता है।" खो-खो प्रतियोगिता में मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी जिलों की टीमें उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुईं। पूरे आयोजन का सफल संयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राजकुमार द्वारा किया गया।

महिला वर्ग के फाइनल मैच में जबलपुर की टीम ने कटनी को हराकर खिताब अपने नाम किया। टीमों के प्रतिनिधि के रूप में जबलपुरः जया चतुर्वेदी, डिंडोरीः मो. अमीर खान, मंडलाः अनूप सिंह परिहार, नरसिंहपुरः अर्पित सक्सेना ने क्रीड़ा अधिकारी के रूप में प्रतिनिधित्व किया।

# कलेक्टर ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ऑपरेटर सहित 3 अन्य को नोटिस जारी कर तीन दिवस में मांगा जवाब

# धोखाधड़ी : धान बेचने के लिए पंजीयन में बड़ा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान रीठी तहसील में धान खरीदी पंजीयन में धोखाधड़ी का मामला कलेक्टर आशीष तिवारी के संज्ञान में आते ही उन्होंने रीठी के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व बिलहरी के नायब तहसीलदार के संयुक्त दल द्वारा पूरे मामले की जांच कराने के बाद कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने के मामले में लिप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित तीन व्यक्तियों और रीठी के तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर व नायब तहसीलदार इसरार खान द्वारा खसरा सत्यापन में लापरवाही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये सभी से 3 दिन में समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम निटर्रा निवासी मीराबाई पत्नी गुलाब सिंह द्वारा धान पंजीयन के संबंध में की गई शिकायत के मामले की जांच कराने पर पाया गया कि मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन क्रमांक 226424000047 दर्ज है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है।

दिलचस्प पहलू यह है कि पंजीयन में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के अलावा रीठी तहसील के विभिन्न ग्रामों की मीराबाई नाम की भू-स्वामियों की भी जमीनें पंजीयन के दौरान जोड़ी गई थी। शासन की खरीफ पंजीयन नीति के अनुसार 5 हेक्टेयर से अधिक रकबे वाले किसान का सत्यापन एसडीएम, तहसीलदार या नायब तहसीलदार के द्वारा किये जाने का प्रावधान है। पंजीयन के इस मामले में 40 में से 20 खसरे तहसीलदार रीठी संदीप सिंह ठाकुर द्वारा सत्यापित किये गये जबकि 12 खसरे नायब तहसीलदार रीठी इसरार खान द्वारा सत्यापित किये गये थे। जिससे यह स्पष्ट होता है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने शासन के नियमों के विपरीत जाकर रकबा सत्यापन किया है। जो लापरवाही का द्योतक है। इन दोनों अधिकारियों का कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत होकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय है। इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने दोनों अधिकारियों को 3 दिनों के भीतर उनके समक्ष उपस्थित होकर कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि कारण बतायें कि क्यों न आपके विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी को अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। नियत अवधि के भीतर जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर दोनों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

### नोटिस जारी, जवाब तलब

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान पंजीयन के इसी मामले में ग्राम तिलगवां तहसील रीठी निवासी श्रीमती मीराबाई पत्नी विनोद कुमार को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया है कि विपणन सहकारी समिति कटनी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र विपणन कटनी में उपस्थित होकर समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु कृषक पंजीयन क्रमांक 226424000047 रकबा 19.37 हेक्टेयर का पंजीयन कराया गया। जिसमें मीराबाई कृषक के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के खसरे पंजीयन में बिना उनकी सहमति से जुड़वाये गयें। पिछले साल मीराबाई के पंजीयन क्रमांक 226424000047 में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था। जिसके लिये बैंक खाता नंबर 157001999804 में 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान भी हो चुका है। इस बैंक खाते से सम्पत अग्रवाल की पत्नी रंजना अग्रवाल के बैंक खाता नंबर 157001971301 में 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित किये गये। इसके साथ ही 3, 4 एवं 6 जनवरी 2025 को तीनों दिवसों में 2-2 लाख रूपये का नगद आहरण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रीठी से किया गया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि बैंक खाते के पंजीयन, फसल विक्रय एवं राशि आहरण व अंतरण में आपकी संलिप्तता है। इसी प्रकार कलेक्टर ने रंजना अग्रवाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया कि किसान पंजीयन क्रमांक 226424000047 मीरा बाई पत्नि विनोद कुमार के नाम से हुये पंजीयन में तहसील रीठी की मीराबाई नाम की कई महिलाओं के खसरे जोड़े गये हैं। जांच दौरान पंजीयन में उल्लेखित पते पर मीराबाई का निवासरत होना नहीं पाया गया। इसी पंजीयन क्रमांक 226424000047 से गतवर्ष हुये मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के पंजीयन में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था, जिसकी राशि रूपये 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान उनके खाता क्रमांक 157001999804 में हुआ था। तदोपरांत उनके खाते से आपके खाता में क्रमांक 157001971301 में रूपये 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित हुये, इससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त खाते के पंजीयन एवं राशि आहरण अंतरण में आपकी संलिप्तता है। जबकि कलेक्टर श्री तिवारी ने सम्पत अग्रवाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेखित किया कि आपके द्वारा विपणन सहकारी समिति कटनी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र विपणन कटनी घंटाघर में उपस्थित होकर मीराबाई पत्नि विनोद कुमार के नाम से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु पंजीयन कराया गया, जिसमें आपके द्वारा कृषक के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के खसरे पंजीयन में जुड़वाये गये।

विगत वर्ष में मीराबाई पत्नी विनोद कुमार के पंजीयन क्रमांक 226424000047 में 412 क्विंटल धान का विक्रय किया गया था, जिसकी राशि रूपये 9 लाख 47 हजार 599 रूपये का भुगतान उनके खाता क्रमांक 157001999804 में हुआ था। तदोपरांत उनके खाते से आपकी पत्नी के खाता क्रमांक 157001971301 में रूपये 1 लाख 53 हजार रूपये अंतरित हुये। इससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त खाते के पंजीयन, फसल विक्रय एवं राशि आहरण, अंतरण में आपकी संलिप्तता है। इसके अलावा कलेक्टर ने सहकारी विपणन संस्था मर्यादित घंटाघर के कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है कि तिलगवां निवासी सम्पत अग्रवाल द्वारा मीरा बाई पत्नी विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें आपके द्वारा पंजीयन से संबंधित दस्तावेजों में केवल आवेदन के आधार पर पंजीयन किया गया। साथ ही मीरा बाई पत्नी गुलाब सिंह निवासी ग्राम निटर्रा तहसील रीठी के पंजीयन कमांक- 226424000047 में एक ही नाम के अन्य व्यक्तियों के खसरे भी जोड़े गये हैं।

### अभियोजन की कार्यवाही संस्थित

कलेक्टर ने मीराबाई ग्राम तिलगवां, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह लोधी, सम्पत अग्रवाल तिलगवां एवं रंजना अग्रवाल पत्नी संपत कुमार अग्रवाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र में इन सभी के द्वारा शासन को आर्थिक क्षति पहुचाने की मंशा से कूटरचना करते हुये धान का फर्जी पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये कहा है कि क्यों न आप सब के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही संस्थित की जाए।

# अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही, 8 विक्रेताओं पर 4 हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया करानें के उद्धेश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों सहित अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों में अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर व्यवसाय करनें वालों के विरूद्ध निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही निरंतर जारी है।



### दी गई हिदायत

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु चलाये जा रहे इस अभियान के तहत विगत देर शाम नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा मिशन चैक से मुख्य स्टेशन रोड़ के मुख्य मार्ग पर सार्वजनिक मार्ग में अनाधिकृत रूप से सामग्री रख, आवागमन को बाधित कर व्यवसाय करनें वाले 8 फुटकर सब्जी विक्रेताओं, कपड़ा व्यवसाईयों एवं ठेला संचालकों पर चार हजार रूपये का स्पाट फाइन की कार्यवाही की जाकर मार्ग के आवागमन को सुचारू बनाया गया। इस कार्यवाही के दौरान व्यापारियों को सड़क किनारे दुकान लगाकर यातायात प्रभावित न करनें की सख्त हिदायत भी दी गई। कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी राहुल पांडे, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित यातायात एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की मौजूदगी रही।

### विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर को

**कटनी।** ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था। उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है। विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर 2025 के पूर्व घोषित कर दिया जाएगा।

# जंगल में मिला कंकाल, 6 माह पहले लापता हुआ था युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी हटाई के जंगल में लकड़ी बीनने गए ग्रामीणों ने पेड़ों के झुरमुट के बीच एक मानव कंकाल पड़ा देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बड़वारा पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और कंकाल को सुरक्षित कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जांच और मौके पर मिले कपड़ों, जूते तथा कुछ निजी वस्तुओं के आधार पर परिजनों ने कंकाल की शिनाख्त लापता महेश कोरी 35 पिता नन्हे कोरी निवासी देवरी हटाई के रूप में की है। महेश कोरी करीब छह माह पहले 8 जून 2025 को रहस्यमयी ढंग से लापता हुआ था, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट परिजन पहले ही बड़वारा थाने में दर्ज करा चुके थे। कंकाल मिलने की खबर के बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और कपड़ों से पहचान की पुष्टि की, लेकिन मामले की संवेदनशीलता और मौत पर घिरे सवालों को देखते हुए पुलिस ने डीएनए टेस्ट कर वैज्ञानिक रूप से पहचान की आधिकारिक पुष्टि कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एएसपी डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि नर कंकाल को पोस्टमार्टम और विस्तृत जांच हेतु फोरेंसिक टीम को भेजा गया है। मौत किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट कहना अभी संभव नहीं है। चूंकि शव जंगल में मिला है और व्यक्ति लंबे समय से लापता था, इसलिए हम हर संभावित एंगल से जांच कर रहे हैं। इस रहस्यमयी मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या महेश जंगल में किसी हादसे का शिकार हुआ? या वह किसी गहरी साजिश का शिकार बना? स्थानीय लोगों में चर्चाएं तेज हैं, परिजन सदमे में हैं, और पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने के लिए हर सुराग खंगाल रही है।

**खबर संक्षेप**

### जिले के कृषकों का भ्रमण सह प्रशिक्षण सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि अभियांत्रिकी विभाग अनूपपुर द्वारा विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम चिल्हारी और चंदवार के कृषक समूह को आईटीसी चौपाल बायोधान केन्द्र सतना में भ्रमण कराया गया। भ्रमण में नरवाई प्रबंधन यंत्र के कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषकों को विशेष रूप से बेलर मशीन से पराली को कॉम्पैक्ट बंडल बनाते हुए दिखाए गए। बेलर द्वारा बनाए गए बंडल को पेपर मिल, बायो सीएनजी प्लांट आदि में इस्तेमाल हेतु बेचा जा सकता है, जो कृषकों हेतु लाभ एवं अतिरिक्त आय का स्त्रोत है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग की सहायक यंत्री सुप्रिया अहिरवार ने बताया कि नरवाई प्रबंधन यंत्रो में अनुदान पाने के लिए इच्छुक कृषक ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। कृषक सुपर सीडर, बेलर, हैप्पीसीडर, स्मार्ट सीडर, मल्चर, स्ट्रॉरीपर, स्लेशर जैसे यंत्री पर अनुदान का लाभ उठा सकते हैं।

### 7 दिसंबर को होगा गणित एवं विज्ञान ओलम्पियाड

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो ने बताया है कि कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए गणित एवं विज्ञान ओलम्पियाड का आयोजन 07 दिसंबर रविवार को किया जाएगा। यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। जिसमें प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक विज्ञान विषय की परीक्षा एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा सम्पन्न होगी। इस ओलम्पियाड का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को चिकित्सा, तकनीकी एवं अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं के लिए तैयार किया जाएगा।

### जिले में अब तक 1519.039 मेट्रिक टन धान की खरीदी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने बताया है कि अनूपपुर जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है। पंजीकृत किसानों से सामान्य औसत किस्म का धान 2369 रुपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। जिले में अब तक 334 किसानों से 1519.039 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

### स्कूल स्तरीय खिलाड़ियों का किया गया चयन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं शासकीय हाईस्कूल विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर फुटबाल एवं बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का विकासखण्ड मुख्यालयों पर खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन पूर्ण किया गया है। विकासखण्ड अनूपपुर में विकासखण्ड स्तरीय फुटबाल एवं बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जमुना कॉलरी स्थित डॉक्टर अब्दुल कलाम स्टेडियम एवं वंकिम विहार में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में शा.उ.मा.वि. जमुना कालरी, शा.उ.मा.वि. लतार, शा. हाईस्कूल रेउंदा, शा. कन्या उ.मा.वि. बदरा कालरी, शा. उ.मा.वि. मलगा, शा. उ.मा.वि. पोंड़ी चोंड़ी, शा. उ.मा.वि. राजनगर के कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय फुटबाल एवं बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस दौरान जनपद पंचायत अनूपपुर की अध्यक्ष श्रीमती धनमती सिंह, नगरपालिका पसान के उपाध्यक्ष अजय यादव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कमलकांत वर्मा, राजेश सिंह, जनप्रतिनिधिगण सहित संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 'अन्नदाता' झेल रहा दोहरी मार, खूंटाटोला का धान खरीदी केन्द्र पूरी तरह ठप!

# उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था हावी, कलेक्टर के आदेश की नाफरमानी





**विभागों के बीच समन्वय की भारी कमी, जिले के लगभग सभी उपार्जन केन्द्रों की हालत खस्ता**

### किसानों की आवाज-यह सिर्फ देरी नहीं, उनकी आजीविका से खिलवाड़ है

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। प्रदेश में 1 दिसंबर से धान खरीदी शुरू होने का सरकारी दावा सिर्फ कागज़ों में नज़र आ रहा है। वास्तविकता यह है कि खूंटाटोला उपार्जन केंद्र में अभी तक धान खरीदी का एक भी ट्रांजेक्शन शुरू नहीं हो सका है। इससे न सिर्फ किसान चिंता में हैं, बल्कि सरकारी तैयारियों पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। किसान रोज़ धान लेकर आते हैं, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हे बैरंग वापस लौटना पड़ता है। ग्रामीण किसान अपनी मेहनत से उपजाए धान को लेकर सुबह-सुबह केंद्र पहुँचते हैं, लेकिन पहुँचने पर पता चलता है कि खरीदी आज भी शुरू नहीं हुई। नतीजतन धान वापस गाड़ियों में लादकर घर लौटना पड़ता है। इस आवाजाही में किसानों का समय, श्रम और पैसा तीनों बुरी तरह से बर्बाद हो रहे हैं।**

### किसान ने बताई वास्तविकता

ग्राम धनगांव निवासी किसान मोहनलाल राठौर पिता संपत राठौर ने कहा कि हमारे गाँव से केंद्र लगभग 10-15 किलोमीटर दूर है। रोज़ धान लेकर जाते हैं, लेकिन केंद्र न खुलने के कारण वापस लौटना पड़ता है। भाड़ा, समय और मेहनत सब बेकार जा रहा है। ऊपर से केंद्र की साफ-सफाई भी नहीं कराई गई है। पूरे परिसर में गंदगी फैली हुई है। यह किसी भी तरह से धान खरीदी योग्य जगह नहीं है। किसानों का यह भी कहना है कि लगातार ढोने से धान की क्वॉलिटी खराब होने का खतरा बढ़ रहा है।

### उपार्जन केंद्र की कोई तैयारी नहीं

किसानों के अनुसार केंद्र में धूल, गंदगी और कचरा फैला है, तिरपाल, बोरा, मशीन, तौलकाँटा जैसी बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। स्टाफ की उपस्थिति भी शून्य है। खरीदी से पहले आवश्यक सर्वे और स्थल निरीक्षण तक नहीं किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन ने केंद्र को तैयार करने के लिए कोई भी कदम समय पर नहीं उठाया।

### किसानों ने यह रखी मांग

किसानों ने कड़े शब्दों में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होने कहा कि खूंटाटोला उपार्जन केंद्र में तुरंत धान खरीदी शुरू कराई जाए, साफ-सफाई, स्टाफ और उपकरणों की तत्काल व्यवस्था की जाए, फूड विभाग और समिति के बीच स्पष्ट जिम्मेदारी तय की जाए, अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर जांच व कार्रवाई हो, किसानों को धान जमा करने में कोई बाधा न हो, पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। बार-बार धान लेकर आना-जाना, भाड़ा खर्च, समय की बर्बादी और उपज खराब होने का खतरा है। किसानों का कहना है कि यह देरी अब असहनीय हो चुकी है।

### समिति मैनेजर की जुबानी

मेरी जानकारी के बिना ही फूड इंस्पेक्टर द्वारा केंद्र का कार्यभार सेवा सहकारी समिति जैतहरी को दे दिया गया है। केंद्र का नियंत्रण ही अचानक बदल दिया गया, इसी कारण खरीदी शुरू नहीं हो पा रही है। यह बयान स्पष्ट करता है कि विभागों के बीच समन्वय की भारी कमी है और इसका खामियाजा किसान भुगत रहे हैं।

### व्यवस्था दुरूस्तगी का प्रशासन का दावा फेल

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 1 दिसम्बर से शुरू होने के पहले 30 नवंबर को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 34 केन्द्र स्थापित किए गए थे। धान उपार्जन के लिए तहसील अनूपपुर में 10, तहसील जैतहरी में 7, तहसील कोतमा में 9, तहसील पुष्पराजगढ़ में 8 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने बताया था कि धान खरीदी के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में तौल कांटे एवं बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। पंजीकृत किसान अपनी धान बेचने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर से अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर से दिनांक और समय का निर्धारण करके स्लॉट बुक कर सकते हैं, लेकिन अधिकांश उपार्जन केन्द्रों की हालत दयनीय है।

### कलेक्टर के आदेश की नाफरमानी

3 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा था कि अनूपपुर जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित हो, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने निर्देश दिया था कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार धान का उपार्जन किया जाए और इसका सतत निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व एवं तहसीलदार करें। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में धान का आकस्मिक वर्षा से बचाव हेतु तिरपाल की व्यवस्था, वर्षा जल निकासी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्व से सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी प्रकार की फसल क्षति न हो, लेकिन इसके उलट उपार्जन केन्द्रों मे अव्यवस्था हावी है।



# नर्मदा परिक्रमावासियों से दान के नाम डराकर अवैध वसूली

### प्रशासन ने साधी चुप्पी, तत्काल कार्यवाही की मांग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नर्मदा परिक्रमा भारत की सबसे प्राचीन, पवित्र और कठोर धार्मिक यात्राओं में से एक मानी जाती है। यह परिक्रमा नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक से शुरू होती है और पुनः अमरकंटक में ही समाप्त होती है। जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक में माँ नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। श्रद्धालु देश के हर कोने से आ रहे हैं, नर्मदा परिक्रमा यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसलिए प्रशासन कई तरह की व्यवस्था बनाकर रखी है। श्रद्धालु अमरकंटक में स्थित नर्मदा कुण्ड, कपिलधारा, दूधधारा, तथा पास के स्थलों में माई की बगिया और श्री ज्वालामुखी देवी मंदिर परिक्रमा शुरू करने से पहले विशेष रूप से दर्शन किए जाते हैं। माना जाता है कि अमरकंटक में की गई पूजा और संकल्प परिक्रमा की सफलता का आधार होता है। मगर प्रशासन के सारे दावे यहाँ पर फेल नजर आ रहे हैं।

### वायरल वीडियो ने मचाई सनसनी

नर्मदा परिक्रमा यात्रियो को नर्मदा मंदिर से लेकर माई की बगिया समेत अन्य सभी स्थानो पर जगह-जगह भ्रमित, परेशान किया जा रहा है, लूटा जा रहा है। इसी प्रकार सोशल मीडिया में श्रद्धालुओ को बेवजह परेशान करने व दान के नाम पर अवैध रुपए वसूलने का वीडियो वायरल हो रहा है। एक वाहन मालिक जिनका नाम मोनू जैन है वह अमरकंटक में आने वाले साधु-संत, तपस्वी, भक्त श्रद्धालु, योगी, आध्यात्मिक साधक व कठिन यात्राओ के इच्छुक यात्री को आस्था के नाम पर तट परिवर्तन, दान, अमरकंटक प्रवेश के नाम, दर्शन कराने, वाहन के नाम पर प्रतिदिन पर सैकड़ो यात्रियों से हजारों रुपए की अवैध वसूली चलाकर अपना गोरखधंधा के दिनों से चला रहा है। यह मोनू जैन बच्चे, बूढ़े गरीब व महिलाओं से भी अवैध वसूली करके अपने पैर पड़वाता है। मोनू जैन यात्रियो से कहता है कि यहाँ नवली का दान लगता है और अपने आप को केवट बताकर डर दिखाकर की अगर यहाँ दान नही दिया तो नर्मदा परिक्रमा को कोई पुण्य नही मिलेगा 100 सौ रुपए से लेकर 1000 एक हजार तक ले लेता है। प्रशासन के नाक के नीचे मोनू जैन श्रद्धालुओ को लूटने का इतना बड़ा कारनामा कर रहा है और प्रशासन को सब जानकारी रहते हुए भी अनभिज्ञ नजर आ रही है।

### जल्द कार्यवाही की मांग

अमरकंटक का वातावरण आध्यात्मिक, शांत और देवत्व से भरा रहता है। परिक्रमा शुरू करते समय यहीं पर भक्त 'परिक्रमा व्रत' लेते हैं और जीवन के सभी कष्टों को माँ नर्मदा को समर्पित कर यात्रा पर निकलते हैं। नर्मदा परिक्रमा पापों से मुक्ति और पुण्य की प्राप्ति, जीवन के दुखों का निवारण, मन की शांति और स्थिरता, आध्यात्मिक उन्नति, आत्मअनुशासन और तपस्या के लिए की जाती है। मगर मोनू जैन इन सभी श्रद्धालुओं के आशाओं पर पानी फेर दे रहा। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे बहरूपियों से गरीब, असहाय यात्रियों श्रद्धालुओं को बचाकर आस्था के केंद्र अमरकंटक क्षेत्र को कालिख न लगे जल्द कार्यवाही करें।

# महाविद्यालय के 70 प्रतिशत से ज्यादा छात्र अनुत्तीर्ण

### कॉलेज भवन के गेट पर छात्रों ने तालाबंदी कर लगाया गलत परिणाम का आरोप



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय में जारी प्रथम स्नातक वर्ष के परीक्षा परिणाम में 70 प्रतिशत से ज्यादा छात्र छात्राओं को अनुत्तीर्ण कर दिया गया है। जिसको लेकर गुरुवार को छात्र छात्राओं द्वारा कॉलेज भवन के गेट पर तालाबंदी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों का आरोप है कि जो परीक्षा परिणाम आया है उसमें कई छात्रों के परिणाम में विथहेल्ड या जीरो नंबर दिखाई दे रहे हैं। जारी परिणाम एवं अन्य कमियों को लेकर अभाविप के बैनर तले जमकर प्रदर्शन किया गया। छात्र छात्राओं ने जारी परिणाम की पुनः जांच कर सुधार किया जाए एवं महाविद्यालय के द्वारा परिसर में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। नवीन भवन में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए जिससे छात्र छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। छात्र छात्राओं के अनुसार कोतमा महाविद्यालय की लगातार बिगड़ती शैक्षणिक और बुनियादी स्थिति वर्षों से सुविधाओं के अभाव में और प्रशासनिक उदासीनता का शिकार है। छात्र असुरक्षित भवनों,अधूरी प्रयोगशालाओंऔर रिक्त शैक्षणिक पदों के बीच शिक्षा पाने को विवश हैं। कैमिस्ट्री लैब में आवश्यक उपकरणों का वर्षों से अभाव बना हुआ है जिसके कारण प्रायोगिक शिक्षा ठप्प है। छात्राओं के लिए कॉमन रूम और इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी परिषद कोतमा नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन कर महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निराकरण की मांग की गई नहीं तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।प्रदर्शन के दौरान प्रांजल तिवारी, शुभम ताम्रकार, बलराम, रितेश चौरसिया, खुशी पाठक, महिमा श्रीवास सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिले में गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन की बड़ी छलांग, 99.68 प्रतिशत कार्य पूरा

### कोतमा विस में शत-प्रतिशत तो अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ में पूरा होने के करीब



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले मे गणना पत्रकों का डिजिटलीकरण 99.68 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, जोएक बड़ी छलांग है। इस बड़ी उपलब्धि का मतलब है कि अधिकांश गणना पत्रकों को अब डिजिटल प्रारूप में बदल दिया गया है, जिससे कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। इस डिजिटलीकरण से डेटा प्रबंधन, विश्लेषण और अभिगम में दक्षता बढ़ी है। गणना पत्रकों के डिजिटल युग में परिवर्तन हो गया है। यह डिजिटलीकरण की गति में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जो दर्शाता है कि पहले के डिजिटल परिवर्तन की तुलना में बहुत तेजी से प्रगति हुई है। डिजिटल प्रारूप में परिवर्तित होने के बाद, गणना पत्रकों को आसानी से प्रबंधित और विश्लेषण किया जा सकता है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। जिले में 4 दिसम्बर को दोपहर 12:00 बजे तक 5 लाख 38 हजार 78 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 5 लाख 39 हजार 793 है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने बताया कि अब तक जिले में कुल 99.68 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। कोतमा विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में भी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा होने के करीब है। विधानसभा क्षेत्र अनूपपुर में 99.10 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में 99.96 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हो गया है।

# बाल विवाह मुक्त भारत के लिए साथ काम करेगा हार्ड संस्था

**सरकार के 100 दिवसीय अभियान करेगा सहयोग**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के दृढ़ निश्चय और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने के मौके पर होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट (हार्ड) ने शहडोल से बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू हुए 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी विभागों व एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करने का संकल्प दोहराया।**



होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट (हार्ड) जिले में अर्से से बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस'100 दिवसीय गहन जागरूकता' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य उस पूरे परिवेश को ध्वस्त करना है जो बाल विवाह के फलने-फूलने में मदद करते हैं। इन प्रयासों में मिली सफलता को रेखांकित करते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि स्पष्ट नीतियों, लगातार की जा रही कार्रवाईयों और गांव-गांव तक पहुंच रहे प्रयासों की बदौलत भारत बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र ने अधिसूचना जारी कर सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जनसमुदाय में चौतरफा और स्पष्ट बदलाव देखने को मिले। अधिसूचना के बाद राज्य सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि लक्षित उद्देश्यों को हासिल किया जा सके। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लगातार सहयोग और विभिन्न कदमों की सराहना करते हुए होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट (हार्ड) के सुशील कुमार शर्मा ने कहा, "जिला प्रशासन बाल विवाह के खात्मे की दिशा में बढ़-चढ़ कर प्रयास कर रहा है। हमारी सफलताएं उनके साथ करीबी समन्वय से काम करने का नतीजा हैं। आज पूरा देश एकजुट है और देश का शीर्ष नेतृत्व बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में हम निश्चित रूप से 2030 से पहले ही देश को इस अपराध से मुक्त बना देंगे। दुनिया जिसे कभी असंभव मानती थी, वह आज भारत में संभव होता दिखाई दे रहा है और इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व का विषय है। होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवेलपमेंट (हार्ड) बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं। 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' ने एक स्पष्ट और लक्ष्य केंद्रित रणनीति तय की है। इसके तहत स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न होते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बच्चों के खिलाफ होने वाले इस सदियों पुराने अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा। इसका पहले चरण में स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। वहीं दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं व बैंक्वेट हाल और बैंड वालों, हलवाई जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरे और आखिरी चरण बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी और जिम्मेदारी को मजबूत किया जाएगा। इस कार्य योजना के बारे में जिला प्रशासन को पहले ही ब्योरेवार सूचित किया जा चुका है।